Rajasthan Patrika

EDII

October 28, 2024
Pg. 4

हस्तकला फैशन शो में दिखा गुजरात के कलाकारों का हुनर

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

अहमदाबाद. गुजरात सरकार के कुटीर एवं ग्रामीण उद्योग आयुक्त कार्यालय और भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान (ईडीआईआई) की ओर से प्रशिक्षित राज्य के हस्तकला कारीगरों का हुनर रिवरफ्रंट इवेंट सेंटर पर आयोजित हस्तकला फैशन शो में देखने को मिला। यहां अहमदाबाद शॉपिंग फेस्टिवल के दौरान राज्य के 33 जिलों के कलाकारों ने अपने हुनर और कला को फैशन शो के दौरान प्रदर्शित किया। इसमें एक जिला एक उत्पाद और जीआई टैग वाले क्राफ्ट भी प्रदर्शित किए गए। इसमें गुजरात की प्रसिद्ध पटोला, सूफ, तांगलिया, अजरख, बांधेज, बखीयू एम्ब्रोयडरी व अन्य शामिल हैं। पारंपरिक कला को मौजूदा चलन और लोगों की पसंद के अनुरूप नए लुक में पेश किया गया।